भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 5026
31 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

दिल्ली में प्रमुख अस्पतालों में उपचार

5026. श्री घनश्याम सिंह लोधी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली एनडीएमसी के नव निर्मित अस्पताल का प्रबंधन देखेगा;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी निबंधन एवं शर्तें क्या हैं;
(ग) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली के आपातकालीन वार्ड में प्रतिदिन कितने रोगियों का उपचार किया जाता है;
(घ) दिल्ली के प्रमुख अस्पतालों में उपचार के दौरान प्रतिदिन कितने लोगों की मृत्यु हो जाती है;
(ङ) क्या इस संबंध में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों का रिकॉर्ड रखा जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(च) क्या दिल्ली के प्रमुख सरकारी अस्पतालों के आपातकालीन वार्ड में गंभीर रोगियों को आसानी से भर्ती कर लिया जाता है;
(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ज) इन अस्पतालों में सभी रोगियों का उपचार सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ज): एम्स, नई दिल्ली ने राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, सर्जिकल ब्लॉक, मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक, नेशनल सेंटर ऑफ एजिंग आदि जैसे नए विशेषज्ञता केंद्रों और ब्लॉकों का निर्माण करके सुविधाकेंद्रों का विस्तार किया है। जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेंटर का दूसरा चरण पूर्ण रूप से कार्यशील है। सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में 524 बिस्तरों वाला नया आपातकालीन ब्लॉक भी कार्यशील है। एम्स, नई दिल्ली द्वारा एनडीएमसी के नवनिर्मित अस्पताल के प्रबंधन की देखरेख करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

एम्स, नई दिल्ली के आपातकालीन वार्ड में प्रतिदिन इलाज प्राप्त करने वाले रोगियों की औसत संख्या लगभग 400 है। एम्स, नई दिल्ली, सफदरजंग अस्पताल, डॉ. आरएमएल अस्पताल और एलएचएमसी में गंभीर रोगियों को आपात स्थिति में भर्ती किया जाता है। ऑन ड्यूटी डॉक्टरों का रिकॉर्ड और ड्यूटी रोस्टर अस्पतालों में रखा जाता है।

******